कर्तव्य पथ पर सफलता का तृतीय वर्ष

# न्यूज नेक्स्ट इंडिया

www.nnindianews.com

NNI
हर ख़बर पर पक्की नज़र

वर्ष:03, अंक:-270, पृष्ठ: 12 | मूल्य- 04.00 रुपये मात्र | मंगलवार, 09 अप्रैल, 2024


# खाई में पलटी गाड़ी 8 की दर्दनाक मौत

**नैनीताल।** देर रात हुए भीषण हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई तो वहीं महाराष्ट्र के पालघर-वाड़ा भिवंडी हाईवे पर भी बड़ा हादसा हो गया जिसमें पांच वाहनों के बीच भीषण टक्कर हो गई, जिसका वीडियो वायरल हो रहा है। उत्तराखंड के नैनीताल के बेतालघाट ब्लॉक के ऊंचाकोट के मल्लागांव में देर रात एक पिकअप वाहन के खाई में गिरने से आठ लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।



हादसे के बारे में बताया जा रहा है कि मृतकों में नेपाल के मूल निवासी समेत चालक राजेन्द्र कुमार शामिल हैं। वहीं घटना की सूचना मिलते ही बेतालघाट पुलिस मौके पर पहुंच गयी और गांव वालों के साथ मिल कर रेस्क्यू अभियान चलाया गया। रेस्क्यू के बाद सभी 8 लोगो को बमुश्किल खाई से बाहर निकाला गया। वही पुलिस द्वारा पूरे घटना क्षेत्र में सर्च अभियान चलाया जा रहा है। बेतालघाट के थानाध्यक्ष अनीश अहमद ने बताया कि देर रात ऊंचाकोट के मल्लागांव से 10 मजदूर काम खत्म कर हल्द्वानी की तरफ जा रहे थे और इसी दौरान उनका वाहन अनियंत्रित होकर 200 फीट से अधिक गहरी खाई में जा गिरा। जिसमें आठ लोगों की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई।


## देश के कई राज्यों में बारिश का अलर्ट

**नई दिल्ली।** देशभर में वेस्टर्न डिस्टरबेंस की वजह से कई इलाकों में गर्मी के मौसम में बारिश और ओले गिरने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने अरुणाचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, केरल, मध्य प्रदेश, ओड़ीशा आदि राज्यों में बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। देश के कई राज्यों में तापमान बढ़ने से भीषण गर्मी पड़ रही है। आंध्र प्रदेश के नांदयाल में अधिकतम तापमान 43.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अनंतपुर में 42.8 और तिरुपति में 41.7 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार, पिछले 24 घंटे के दौरान आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तेलंगाना और महाराष्ट्र में अधिकतम तापमान 40-43 के बीच तापमान दर्ज किया जा रहा है।







# किरावली पुलिस ने साइबर ठगी गैंग के दस सदस्यों को दबोचा

एनएनआई

**अछनेरा।** थाना किरावली पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है थाना किरावली पुलिस और साइबर सेल ने सयुक्त कार्यवाही करते हुए मुखबिर की सूचना पर 10 इंटरनेशनल साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है।

पकड़े गए गिरोह में तीन महिलाएं भी शामिल हैंये अंतरराज्यीय गैंग आगरा से सिम खरीदकर दिल्ली भेजता था वहां से दुबई और थाईलिंड में सिम की सप्लाई होती थी अभियुक्त आगरा के अलावा हरियाणा और एमपी के रहने वाले हैं फर्जी बैंक एकाउंट्स से अब तक करोड़ों रुपये का ट्रांजेक्शन हो चुका है डीसीपी सोनम कुमार ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर दक्षिणी बाईपास से गिरोह को गिरफ्तार किया गया है।



पूछताछ में इन्होंने बताया कि यह लोग 50 रुपये का सिम कार्ड 500 रुपये में खरीदते थे सिमकार्डों को दिल्ली में अपने अन्य साथियोंमोटी रकम वसूल कर बेच देते थे पकड़े गए गैंग से पुलिस ने 420 सिमकार्ड, 7 मोबाइल,4 मोटर साइकिल, 2 पासपोर्ट, 45 चेकबुक, 54 एटीएम कार्ड बरामद किए हैं पकड़े गए आरोपी आगरा, हरियाणा और मध्यप्रदेश के रहने वाले हैं पुलिस जांच में मिली जानकारी के अनुसार सभी फर्जी एकाउंटस को सीज कर दिया गया है पुलिस ने बताया कि फर्जी बैंक खातों से अब तक करोड़ों रुपये के ट्रांजेक्शन हो चुके हैं जांच में 29 लोगों के नाम सामने आए हैं पुलिस का कहना है कि गिरोह के तार विदेशों तक फैले हुए हैं पुलिस की कई टीमें लगातार इस पूरे रैकेट का भंडाफोड़ करने में जुटी हुई हैं पुलिस आयुक्त सोनम कुमार ने बताया कि जल्द ही गैंग के अन्य सदस्य भी गिरफ्तार किए जाएंगे।

## युवक पर युवती को भगा कर ले जाने का आरोप, थाने में दी तहरीर

(एनएनआई) **पिनाहट।** रविवार देर शाम को थाना पिनाहट क्षेत्र के अंतर्गत कस्बे से युवक एक युवती को घर से बहला फुसला कर अपने साथ भगा ले गया। लड़की अपने साथ सोने चांदी के आभूषण भी ले गई। पीड़ित पिता ने थाना पिनाहट में एक युवक के खिलाफ नामजद तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार थाना पिनाहट क्षेत्र के अंतर्गत कस्बे एक मोहल्ला निवासी पीड़ित पिता ने थाना पिनाहट में तहरीर देते हुए पुलिस को बताया रविवार दोपहर को उनकी पुत्री घर पर अकेली थी घर पर कोई मौजूद नहीं था। आरोप है कि उनकी पुत्री को कस्बे के ही एक मोहल्ला निवासी युवक युवती को बहला फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया है किशोरी अपने साथ नगदीं व सोने चांदी के आभूषण भी ले गई है। वही इस मामले में थाना प्रभारी पिनाहट पवन सैनी का कहना है पीड़ित पिता की तहरीर पर कस्बे के ही एक युवक के खिलाफ युवती को भगाकर ले जाने का मुकदमा दर्ज कर लिया हैं युवती की बरामदगी के लिए दबिश दी जारही है।

# खंदौली थाने में युवक ने पुलिसकर्मी पर बोला हमला तोड़फोड़, मुकदमा दर्ज

एनएनआई

**खंदौली (आगरा)।** थाने के अभिलेख कार्यालय में रविवार की देर सांय शराब के नशे में युवक ने कार्यालय में तैनात पुलिस कर्मी पर हमला बोल दिया और थाने में रखे कंप्यूटर को उठाकर तोड़फोड़ कर दी जिससे थाने में अफरा-तफरी मच गई पुलिसकर्मियों ने युवक को दबोच दिया युवा के खिलाफ पुलिसकर्मी ने गंभीर धारा में मुकदमा दर्ज कराया है पुलिस ने आरोपी का मेडिकल परीक्षण कराकर जेल भेज दिया है आरोपी युवक एक स्थानीय अखबार का संवाददाता बताया गया है ।

खंदौली थाने के कार्यालय अभिलेख में तैनात सिपाही दीपक सिंह रविवार की देर सांय बैठे थे आरोप है कि तभी कस्बे का ही युवक विनोद जो एक स्थानीय अखबार का संवाददाता बताया गया है शराब के नशे में आया आरोप है कि थाने की गोपनीयता भंग करने के उद्देश्य से वीडियोग्राफी करने लगा सिपाही के मना करने पर उत्तेजित हो गया और सिपाही दीपक सिंह से गाली गलौज कर हमला बोल दिया और युवक ने थाने में रखे कंप्यूटर को उठाकर जमीन पर पटक दिया इससे कंप्यूटर क्षतिग्रस्त हो गया इससे थाने में अफरा तफरी मच गई पुलिसकर्मियों ने युवक को दबोच गिरफ्तार कर लिया इसकी सूचना आल्हा अधिकारियों को दी गई युवक का मेडिकल परीक्षण कराया गया जिसमें अल्कोहल की पुष्टि हो गई है थाना पुलिस ने सिपाही दीपक सिंह की तहरीर पर धारा-332, 353, 307, 504, 506, 427, 34 पुलिस एक्ट ,3 सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुँचाने में मुकदमा दर्जकर आरोपी को जेल भेज दिया है ।

थाना अध्यक्ष खंदौली राजीव कुमार ने बताया कि थाने में सिपाही पर हमला करने के आरोपी कथित पत्रकार विनोद का मेडिकल परीक्षण के बाद अल्कोहल की पुष्टि हुई है सिपाही की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया है।

## तारों की चिंगारी से गेंहू की 12 बीघा फसल हुई प्रभावित

(एनएनआई) **बाह।** सोमवार की दोपहर बाह के जरार में एचटी लाइन के तार टूटकर गिरने से उठी चिंगारी से पोहप सिंह के गेंहू के खेत में आग लग गई। 12 बीघा रकवे में कुछ कटी पड़ी फसल का लांक रखा था, जबकि अधिकांश गेंहू की फसल खड़ी थी। खेत के ऊपर से गुजर रही लाइन का तार टूटकर गिरने से उठी चिंगारी आग की बजह बनी। खुद आग बुझाने में जुटे किसानों की सूचना पर बाह से पहुंची फायरबिग्रेड ने आग पर काबू पाया। पीड़ित किसान ने प्रशासन से नुकसान का आंकलन कर मुआवजा दिलाने की गुहार लगाई है।

**स्वामी वीरेन अग्रवाल** प्रकाशक **विवेक खंडेलवाल** मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं **विवेक खंडेलवाल** मैनेजिंग डायरेक्टर बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित

**प्रधान संपादक अरविन्द सिंह**

RNI Title Code no UPHIN49797

**निदेशक (वित्त) स्वतंत्र कुमार**

E MAIL newsnextindia1@gmail.com

Website:-www.nnindianews.com

**(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है )**

## खंदौली पुलिस ने बाइक चोरों का पकड़ा गैंग पाँच को भेजा जेल

(एनएनआई) **खंदौली (आगरा)।** थाना क्षेत्र के यमुना एक्सप्रेसवे नादऊ पुल के पास रविवार की सांय नादऊ के कच्चे रास्ते पर पुल के पिलरों की आड़ में चोरी की गई बाइकों को गैंग बेचने के फिराक में खड़े थे सूचना पर पहुँची पुलिस ने बाइक चोरों के गैंग के सरदार सहित 5 बदमाशों को गिरफ्तार किया है पुलिस ने सभी बदमाशों से चोरी की 5 बाइक भी बरामद की है पुलिस ने सभी चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है। रविवार की सांय थाना पुलिस को सूचना मिली कि यमुना एक्सप्रेसवे नादऊ पुल के पास गांव नादऊ के कच्चे रास्ते पर पुल के पिलरों की आड़ में बाइक चोरों का गैंग खड़ा है जो बाइक बेचने की फिराक में है सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने सभी बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है और बदमाशों से चोरी की गई 5 बाइक भी बरामद की गई है पुलिस ने बाइक गैंग के सरदार गोपी उर्फ. गोपाल, धर्मवीर उर्फ टुकिया, जयप्रकाश उर्फ जे.पी,राहुल सभी निवासीगण गांव पैंतखेड़ा थाना खंदौली व मिथुन निवासी गांव रसूलपुर थाना एत्मादपुर के खिलाफ धारा-411,414, 467,468, व धारा 41/02 सीआरपीएस में मुकदमा दर्जकर आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है ।



# पति की मौत होते ही पत्नी ने भी तोड़ा दम

एनएनआई



**एटा।** जिले में पति की मौत के बाद पत्नी ने भी दम तोड़ दिया। पति का एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा था। पति की मौत की खबर जब मिली तो पत्नी ये सदमा बर्दाश्त न कर सकी। बताया गया है कि दंपती ने जब विवाह के फेरे लिए थे, उसी समय कहा था कि अब साथ जीएंगे और साथ ही मरेंगे। दोनों ने इस वचन को पूरी जिंदगी निभाया और अंतिम यात्रा पर भी एक संग निकल पड़े।

थाना अलीगंज क्षेत्र के नगला सियार के रहने वाले ओम नारायण उर्फ राजू पुत्र रामसेवक का पिछले चार दिनों से फरुर्खाबाद के निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। घर परिवार के लोग किसी भी तरह चाहते थे कि ओम नारायण ठीक हो जाएं और घर जल्द वापस आ जाएं। इस बीच सोमवार दोपहर उनकी अचानत तबीयत बिगड़ गई और उनकी मौत हो गई। डॉक्टर ने जैसे ही उन्हें मृत घोषित किया तो परिजनों में चीत्कार मच गया। ये खबर जैसे ही परिवार के लोगों ने ओम नारायण की पत्नी मोहिनी को दी तो वो भी पछाड़ खाकर जमीन पर गिर पड़ी। परिवार के लोग उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टर ने मोहिनी को देखा और उन्हें भी मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिवार के लोग मोहिनी के शव को भी गांव ले आए। घर के आंगन में पति और पत्नी के शव जब एकसाथ रखे गए, तो लोग खुद के आंसू नहीं रोक पाए। वहीं एक संग दो मौत होने से परिवार के लोगों में कोहराम मचा हुआ है। परिवार के लोगों ने बताया कि दोनों का एक संग ही अंतिम संस्कार किया जाएगा।

# पुलिस ने मेटाडोर से छह गोवंश किए बरामद


**मथुरा एनएनआई।** शेरगढ़ से गोवंश ले जा रहे तस्करों ने पुलिस को खूब छकाया। बाद में पुलिस के बढ़ते दबाव को देख तस्कर गांव लालपुर के पास मेटाडोर को छोड़कर भाग गए। मेटाडोर से छह गोवंश बरामद हुए। उन्हें पुलिस ने गोशाला भेज दिया।

मामला कोसीकलां थाना क्षेत्र का है। रविवार रात शेरगढ़ क्षेत्र से मेटाडोर में भरकर गोवंश लेकर जाने की सूचना गोरक्षा समिति को मिली। समिति के पदाधिकारी सक्रिय हो गए। उन्होंने मेटाडोर का पीछा करना शुरू कर दिया। रास्ते में मेटाडोर को रोकने की कोशिश की, लेकिन गो-तस्कर वहां से भाग निकले। गोरक्षकों ने इसकी सूचना पुलिस को दी तो पुलिस ने गोपाल बाग पर मेटाडोर को रोकने का प्रयास किया, लेकिन वह वहां से भाग निकले। बठैन गेट चौकी पर चकमा देकर तस्कर भागने लगे, जब जाकर गढ़ी बरवारी पुलिस चौकी प्रभारी रोहित सिंह ने मेटाडोर का पीछा किया और गांव लालपुर के पास पकड़ लिया।









# ईद की नमाज सड़क पर नहीं होगी अदा

**फिरोजाबाद एनएनआई।** ईद की नमाज की तैयारियों को लेकर डीएम व एसएसपी ने सोमवार को संयुक्त रूप से ईदगाह व गांधी पार्क मैदान का निरीक्षण किया। इस दौरान मुस्लिम धर्मगुरुओं के साथ बैठक करके साफ कहा कि सड़कों पर कोई नमाज अदा नहीं करे। उन्होंने ईद के मौके पर बिजली, पानी की आपूर्ति सुचारू रखने के साथ साफ सफाई कराए जाने के निर्देश दिए। डीएम रमेश रंजन एवं एसएसपी सौरभ दीक्षित ने मुस्लिम धर्मगुरुओं के साथ थाना उत्तर परिसर में बैठक की। डीएम रमेश रंजन ने ईद उल फित्र की धर्मगुरुओं को मुबारकबाद देते हुए कहा जिस प्रकार विगत वर्षों में आपसी भाईचारे से त्योहार को मनाते आ रहे हैं। उसी प्रकार से गंगा जमुनी तहजीब को कायम रखने का काम करें। सभी धर्मों के त्योहारों का एक ही मकसद होता है कि दूसरों की भावनाओं को आहत किये बिना हर्षोल्लास के साथ मनाएं। सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की भ्रामक खबरों का प्रचार नहीं करें। उन्होंने कहा कि शासन के स्पष्ट निर्देश हैं कि कोई भी सड़कों पर नमाज अदा नहीं करें। त्योहारों को पारंपरिक ढंग और किसी नई परंपरा का आरंभ न किया जाए।







# आज चांद दिखा तो ईद कल

आगरा एनएनआई। चांद का आज मुस्लिम समाज के लोगों को बेसब्री से इंतजार रहेगा। यादि आज चांद की तस्दीक हुई तो कल यानी बुधवार को ईद मनाई जाएगी। नहीं तो ईद गुरुवार को मनेगी। मुस्लिम समाज का एक महीने का उपवास (रोजे) अब समाप्त होने वाले हैं। लगातार एक माह तक 13-14 घंटे निर्जला व्रत (रोजा) रखने के बाद अब समाज के लोग ईन की तैयारियों में जुटे हुए हैं। पिछले एक सप्ताह से लोग बजार में जमकर कपड़े, सेंवई और सूखे मेवे की खरीददारी में लगे हैं। लिहाजा पिछले दो दिन शहर ईद की खुशियों से गुलजार रहेगा। यदि समाज के लोगों को आज शाम को चांद की तस्दीक हो जाती है तो मुस्लिम समाज के लोग ईद कल यानी बुधवार को मनाएंगे। यदि आज चांद की तस्दीक नहीं होती है तो फिर ईद 11 अप्रैल गुरुवार को मनाई जाएगी। इस अवसर पर ईद मुस्लिम बाहुल इलाकों में ईद की तैयारियों की चहल-पहल दिखाई देने लगी है।



## नमाज का मुकर्रर वक्त

रमजान का मुकद्दस (पवित्र) माह पूर्ण होने को है। कल या परसों ईद फितर मनाई जाएगी। ईद की नजदीकी देखते हुए इसकी तैयारियां शुरू हो गई हैं। शहर काजी ने ईद की विशेष नमाज का वक्त मुकर्रर कर दिया गया है।

| | |
|---|---|
| शाही ईदगाह | सुबह 7 बजे |
| शाही जामा मस्जिद | 7:30 बजे |
| अकबरी मस्जिद | 8: 00 बजे |
| मस्जिद मोअतमंद खां | 7:45 बजे |
| मस्जिद दो मीनार | 8:30 बजे |
| शाही मस्जिद साबुन कटरा | 9:00 बजे |
| मस्जिद जाल फुलट्टी | 9:15 बजे |
| मस्जिद ताजमहल | 8:45 बजे |
| शाही मस्जिद लोहामंडी | 9:15 बजे |
| मस्जिद कश्मीरी बाजार | 9:15 बजे |
| मस्जिद नूरी दरवाजा | 9:15 बजे |
| ऊंची मस्जिद घटिया छिलींट | 9:30 बजे |
| बाबरी मस्जिद यमुना पार | 8:15 बजे |
| मस्जिद रफीउज्मां राजमंडी | 7:30 बजे |
| मस्जिद शहीद नगर | 8:00 बजे |
| ईदगाह नगला मेवाती | 7:30 बजे |

### घटस्थापना के साथ शुरू हुआ चैत्र नवरात्र

# ...लो आ गई मां दुर्गा

एनएनआई

आगरा। मां जगदम्बा की आराधना का पर्व चैत्र नवरात्र घटस्थापना के साथ आज से शुरू हो गया। इसी के साथ नया नवसंवत्सर शुरू हो गया। नवरात्रों को सभी उल्लास के साथ मनाते हैं। कुछ भक्त जहां कठिन तप कर जगतजननी का आशीर्वाद पाना चाहते हैं तो वहीं कुछ व्रत रखकर देवी को मनाते हैं। पूजन-अर्चना के साथ सभी के मन में उमंग और उत्साह रहता है। हर तरफ माता का गुणगान किया जा रहा है। सूरज की पहली किरण के साथ ही शहर मां के जयकारों और घंटे-घड़ियालों की आवाज से गूंज उठा। घरों और मंदिरों में सुबह से ही मां दुर्गा की पूजा-अर्चना का दौर शुरू हो गया था। मंदिरों में मां दुर्गा की आगवानी करने के लिए फूलों और विद्युत वल्बों की झालरों से विशेष सजावट की गई। पूरा शहर मां दुर्गा के रंग-रंगा रहा। चैत्र नवरात्र के पहले दिन ही पूरा शहर भक्तिभाव के वातावरण में डूबा रहा। मंदिरों में सुबह तड़के से ही श्रद्धालुओं की चहल-पहल रही। चामुंडा देवी मंदिर राजामंडी, कालबाड़ी देवी मंदिर, पथवारी मंदिर खंदारी, कचहरी घाट स्थित देवी मंदिर सहित शहर के हर गली मोहल्लों में स्थित मंदिरों में धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं। श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर का मां दुर्गा के दर्शन किए।





## मां कैला देवी दर्शन को निशुल्क बस से रवाना हुए श्रद्धालु

आगरा एनएनआई। कैला मैया के दर पर माथा टेकने के लिए निःशुल्क बस यात्रा को केन्द्रीय मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल ने हरी झंडी दिखाकर और नारियल तोड़कर मातारानी के द्वार के लिए रवाना किया। करीब 3500 से ज्यादा भक्त कैला मैया दर्शन के लिए मंदिर करौली (राजस्थान) के लिए बसों में रवाना हुए। इस मौके पर माता रानी के जयकार गुंजायमान होते रहे। बस यात्रा के संयोजक अतुल तिवारी के मुताबिक पिछले 10 वर्षों से यह यात्रा निःशुल्क भक्तों के लिए चैत्र नवरात्रों में कराई जाती है। भक्तों का कारवां हर साल लगातार बढ़ रहा है। इसके चलते बसों की मात्रा में भी इजाफा किया गया है। केन्द्रीय मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल इसे मानवता के लिए समाजसेवी अतुल तिवारी की सच्ची सेवा बताया। इस मौके पर ब्रह्मदत्त शर्मा, विनोद शर्मा, पवन अग्रवाल, दिलीप तिवारी, देवेश, काजल, कुमुद, गोपाल, संजय आदि उपस्थित रहे।



## पुलिस के हत्थे चढ़ा अंतरराष्ट्रीय ठग गैंग

आगरा एनएनआई। ऑन लाइन ठगी करने वाले अंतरराष्ट्रीय गिरोह का पुलिस ने राजफाश करने में कामयाबी हासिल की है। पूछताछ में आरोपितों ने बताया बाजार और हाइवे पर कैनोपी लगाकर फर्जी तरीके से सिम एक्टिवेट किया करते थे। 50 रुपये में खरीद कर सिम बंटी के माध्यम से 500 रुपये में दिल्ली में युसुफ और हफीज को सौंपते थे। दिल्ली से युसुफ और हफीज लगेज बैग में रखकर सिम शानू के पास दुबई और थाईलैंड भेजते हैं। एयरटेल कंपनी की सिम दुबई और वोडोफोन-आइडिया की थाईलैंड भेजी जाती हैं। बताया फरह और सेवला के रहने वाले लोगों को कुछ रुपये देकर फर्जी ट्रेडिंग कंपनी के नाम से खाता चालू कराया जाता था। इसके लिए प्रतिव्यक्ति 10 हजार रुपये दिया जाता था। गैंग के सदस्य बाजार और हाइवे किनारे कैनोपी लगाकर सिम बेचते थे। किसी भी व्यक्ति को गुमराह कर फर्जी तरीके उसकी आइडी और फिंगर प्रिंट लगा तीन से चार सिम एक्टिव कराते थे। सिम को आगरा से दुबई और थाईलैंड में बैठे ठगों को तीन हजार में बेचा जाता था। ठग वहां से ऑन लाइन गेमिंग समेत अन्य तरीके से ठगे गए रुपये फर्जी ट्रेडिंग कंपनी के खाते में भेजते हैं। इसे भारत में कैश कर लिया जाता था। इस मामले में 29 लोग नामजद हुए हैं। । पश्चिमी जोन और साइबर सेल ने दस लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। 19 की तलाश की जा रही है। पुलिस को हवाला से भी जुड़े होने के साक्ष्य मिले हैं। करेंसी को दुनिया में एक जगह से दूसरी जगह पर गैरकानूनी रूप से हस्तांतरण का नाम ही हवाला है। इसमें सबसे अहम भूमिका एजेंट या बिचौलिए की होती है।

Sunday Open
पर्दे ही पर्दे
• Sofa Fabric
• Customise Blinds
• Wallpaper
• Flooring all type
• Grass
• Carpet
• All Furnishing Item
किरन मित्तल
बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने संजय प्लेस, आगरा मो. 9837261764, 8193034811

## वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

– प्रबंधक विज्ञापन

Rashtra Deep Restaurants
Fully Air Conditioned
A/C BANQUET HALL FOR :- BIRTHDAY KITTY PARTIES & FAMILY FANCTIONS
Pure Veg.
NH-2, 15 K.M. Stone, Indian Oil Petrol Pump Premises, Etmadpur, Agra, Mob :- 9563906777, 9568504777



DOCTOR A-1
Super Fast Drying Insulating Varnish
FIBER GLASS SLEEVINGS
VIDYUT FIBER GLASS
Auth. Dist. UP:-
Peacock Distributors
9319107174, 9412652591
VANSAL®
बाप खरीदे, बेटे के बाद पोता भी चलाये।
Vansal Customer Care Helpline No. 09580826660
PEACOCK DISTRIBUTORS-
9319107174, 9412652591

कर्तव्य पथ पर सफलता का तृतीय वर्ष

# न्यूज नेक्स्ट इंडिया

अपना आगरा

मंगलवार, 09 अप्रैल, 2024 www.nnindianews.com

NNI हर ख़बर पर पक्की नज़र



## नहीं चलने देंगे स्कूलों और बुक सेलर्स की मनमानी

## अभिभावकों का टूटा सब्र कलेक्ट्रेट पर किया हंगामा

# ...तो फिर घेरेंगे कलेक्ट्रेट

एनएनआई

**आगरा।** निजी स्कूलों में बुक सेलरों की मिलीभगत से कॉपी-किताबों के नाम पर की जा रही खुली लूट पर प्रशासन के मौन को लेकर अभिभावकों के सब्र का बांध टूट गया। टीम पापा के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे अभिभावकों ने जमकर हंगामा काटा। जिलाधिकारी की गैरमौजूदगी में एडीएम सिटी ने बीएसए आगरा से समस्या के समाधान कराने के निर्देश दिए। इस दौरान सात सूत्रीय ज्ञापन सौंपते हुए टीम पापा ने चेतावनी दी कि अगर 24 घंटे के भीतर अभिभावकों से की जा रही लूट पर रोक नहीं लगी तो कलेक्ट्रेट का घेराव किया जाएगा। टीम पापा के दीपक सरीन ने कहाकि प्राइवेट स्कूलों की मिली भगत से बुक सेलर्स ने कॉपी किताबों के रेट में दुगुनी वृद्धि कर दी। स्कूलों ने भी फीस में बढ़ोत्तरी कर अभिभावकों की जेब पर डाका डाला जा रहा है। इसको लेकर टीम पापा के दीपक सरीन ने बताया कि अभिभावकों की समस्या का समाधान कराने का लगातार प्रयास किया जा रहा है। सेंट फ्रांसिस और सेंट कोनरेड स्कूल प्रतिबंधित होने के बावजूद रीएडमिशन फीस ले रहे हैं। शासन के निर्देशों को धता बता एनसीआरटी की किताबों की जगह प्राइवेट पब्लिशर से सांठगांठ करके महंगी किताबें खरीदने को मजबूर किया जा रहा है। ड्रेस और जूते बदले जा रहे हैं। स्कूलों ने बिना जिला शुल्क नियामक समिति की अनुमति के फीस में 20 से 30 प्रतिशत तक की वृद्धि कर दी। जो कि पूर्ण रूप से अमान्य है। अभिभावक स्कूल के खर्चों के चलते आंसू बहाने को मजबूर हैं। शिकायतों के बाद भी कोई कारवाई नहीं की जा रही है। जिला प्रशासन के ढुलमुल रवैए के कारण अभी तक कोई समाधान नहीं निकला। मजबूर होकर अभिभावकों को कलेक्ट्री पर आना पड़ा। जिलाधिकारी गैरमौजूदगी में सिटी मजिस्ट्रेट ने बीएसए आगरा को बुलाकर अभिभावकों की समाधान के निर्देश दिए। बीएसए ने पापा संस्था के सात सूत्रीय मांगपत्र पर कारवाई करने के लिए एक दिन की मोहलत मांगी है। टीम पापा के दीपक सरीन ने चेतावनी दी कि अगर दो दिन में समाधान नहीं हुआ तो अभिभावक फिर से कलेक्ट्री का घेराव करेंगे।

## डिजिटल मित्र करा रहे यूटीएस एप डाउनलोड

**आगरा एनएनआई।** यूटीएस ऑन मोबाइल एप्लीकेशन के जरिए टिकट लेने के लिए आगरा रेल मंडल ने जागरुकता अभियान चलाया। मंडल रेल प्रबंधक तेज प्रकाश अग्रवाल के निर्देशन में आगरा छावनी और मथुरा जं. पर यूटीएस ऑन मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से अनारक्षित टिकट लेने के लिए यात्रियों को प्रेरित किया गया। इस दौरान ऐप को डाउन लोड करने, प्रयोग की विधि और इससे समय की बचत, कतार में लगने से छुटकारा और सामान की सुरक्षा जैसे फायदे बताए गए। इस सुविधा से किराए पर 3 प्रतिशन की छूट आदि



जानकारी भी यात्रियों को दी गई। स्टेशनों पर कई स्थानों पर स्टेंडी ओर पोस्टर लगाए गए हैं। कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि स्टेशनों पर उद्घोषणा प्रणाली के माध्यम से इस मोबाइल ऐप के बारे में यात्रियों को जागरूक किया जाए। इस मोबाइल एप्लीकेशन का उपयोग कर वह स्टेशन से 20 किलोमीटर के दायरे में आसानी से अनारक्षित यात्रा टिकट प्लेटफार्म टिकट ले सकते हैं। डिजिटल अभियान के तहत आगरा मंडल के स्टेशनों पर सुनियोजित तरीके से मार्च माह में लगभग सात हजार लोगों को यूटीएस एप्लिकेशन इंस्टॉल करने और उसके उपयोग के बारे में बताया गया। इसके जरिए फरवरी और मार्च में लगभग 60 हजार से अधिक टिकट मोबाइल एप के माध्यम से बुक किए गए।

## कलाकुंज जैन मंदिर में मना मोक्षकल्याणक महोत्सव

एनएनआई

**आगरा।** मारुति स्टेट स्थित महावीर दिगम्बर जैन मंदिर कलाकुंज में वात्सल्य सेवा समिति के तत्वावधान में जैन धर्म के 14वें तीर्थंकर अनंतनाथ भगवान और 18वें तीर्थंकर अरहनाथ भगवान का निर्वाण कल्याणक महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। भक्तों ने श्रीजी का अष्टद्रव्यों से पूजन किया। दीपांक जैन के निर्देशन में सामूहिक निर्वाण कांड का वाचन किया गया। भगवान अनंतनाथ और भगवान अरहनाथ के समक्ष निर्वाण लाडू अर्पित किए गए। इस मौके पर अजय जैन, राजीव जैन, रविंद्र जैन, आशु जैन




भगत, मुकेश जैन भगत, शुभम जैन, प्रवीण कुमार, रश्मि जैन, कविता जैन, रीता जैन, निशा जैन, शोभा जैन, करुणा जैन, ममता जैन, रंजना जैन, सुनीता जैन, पूनम जैन सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

ट्रेडमार्क रजिस्ट्रेशन

ट्रेडमार्क, ब्रॉण्डनेम, फर्मनेम, डिज़ायन एवं कॉपीराइट रजिस्ट्रेशन्स कराने व डुप्लीकेसी रोकने के लिए।

पी. के. अरोरा
संस्थापक
ताज ट्रेडमार्क

आनन्द वृन्दावन, संजय प्लेस, आगरा।
फोन: 0562 - 4007024, 2971024, 2855024, 2854341, 08057500024
167, सेक्टर 15 A, नोएडा। फोन: 0120 - 4110024
e-mail : info@tajtrademark.in www.tajtrademark.in
Toll Free No. 1800 270 5440
ESTD.: 1970

विसवा मसाले

बादाम पिस्ता, इलाइची से भरपूर
ब्रज की मशहूर ठण्डाई

www.visvamasale.com

Agra Distributor: SAURABH ENTERPRISES
Gandhi Nagar, Agra-282003 (U.P.) +91-9837080023

SCAN ME
Order for other Cities Contact :
Visvass Foods Pvt. Ltd.
Balkeshwar, Agra-282004 (U.P.)
+91-9837050722, 7017370732

Size Available: 100g | 200g | 500g



# फेम के होली मिलन में दी नवसंवत्सर की बधाई



○ चंदन टीका लगा और पुष्प वर्षा कर किया गया स्वागत, नई कार्यकारिणी की घोषित

एनएनआई

**आगरा।** फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया व्यापार मंडल का होली मिलन समारोह खंदारी स्थित होटल सीपी पैलेस में मनाया गया। इस दौरान फेम प्रदेश अध्यक्ष भुपेंद्र सिंह सोबती की मौजूदगी में जिलाध्यक्ष राजेश खुराना और जिला महामंत्री ब्रजेश पंडित ने सयुंक्त रूप से फेम की नई जिला कार्यकारिणी की घोषणा की। नई कार्यकारिणी में संरक्षक-मुकेश अग्रवाल, राजेन्द्र सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष, चंद मोहन खंडेलवाल, शिवम गर्ग उपाध्यक्ष, माधव मोहन बंसल कोषाध्यक्ष, जीतेश कुमार युवा अध्यक्ष और धर्मवीर कौशिक संगठन मंत्री के अलावा मुकेश निर्वाणिया, गौरव जैन, प्रेम शर्मा, लिल्ली गोयल, नागेंद्र शर्मा और पीयूष बंसल को मंत्री बनाया गया है। जबकि अमन कुलश्रेष्ठ, दीप बघेल, मनोज खंडेलवाल, रूपेश कुमार, संतोष सिंह, डॉ. स्पर्श निगम और नीतेश उपाध्याय को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है। सभी नवनियुक्त सदस्यों ने फेम के प्रदेश अध्यक्ष का का पटका पहना कर स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष ने सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं। सभी सभी का स्वागत चंदन टीका और पटका पहना कर किया गया। साथ ही पुष्पवर्षा कर होली मिलन और नव संवत्सर की बधाई दी गई। इस मौके पर विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल, एडिशनल कमिश्नर मारुति शरण चौबे, ज्वाइंट कमिश्नर इंडस्ट्रीज अनुज कुमार, सीके मौर्य, भूपेंद्र सिंह पीआरओ टोरंट पॉवर, सुरेश चंद्र गर्ग, डॉ. अशोक वार्ष्णेय, आदेश गुप्ता, केशव पाल और बाल कृष्ण, राजेश सोनकर, अमन अग्रवाल, अजय केम, चंद्रभान, विमल प्रजापति, संजय सैनी, मनीश कुमार आदि मौजूद रहे।



# अच्छे अंक पाने वाले बच्चे हुए पुरुष्कृत

**आगरा (एनएनआई)।** सावित्रीबाई फुले निःशुल्क शिक्षा संस्कार केंद्र का द्वितीय वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। नन्ने मुन्ने बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। इस दौरान वार्षिक परीक्षा परिणाम का भी वितरण किया गया। मुख्य अतिथि ललित दक्ष रहे। परीक्षा में अच्छे अंक पाने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। शिक्षा केंद्र के संस्थापक धर्मवीर प्रजापति ने शिक्षण कार्य में और तेजी लाने को कहा। इस मौके पर देवेन्द्र सिंह, स्कॉलर सेंटर ऑफ इंग्लिश लैंग्वेज के डायरेक्टर राजू गोला, सुशील चौहान, अनिल परमार, रामजीत सिंह, देवेंद्र सिंह परमार, डोरीलाल गोला, सुनहरी लाल गोला, अशोक गोला, राजू गोला, बंटी प्रजापति, भीष्मपाल, सुमित प्रजापति, राजपाल सिंह, राना सिंह, डॉ. शिवकुमार, पवन प्रजापति प्रधान, देवेंद्र सिंह, सतीश प्रजापति उर्फ राजा भइया, ज्वाला प्रसाद प्रजापति, सुभाष गोला, ओम प्रकाश प्रजापति, प्रधान रविंद्र सिंह चौहान, राजा भइया, रवि प्रजापति, अनूप प्रजापति, धर्मवीर प्रजापति, विष्णु प्रजापति आदि मौजूद रहे। संचालन रामजीत सिंह प्रधानाचार्य टीकाराम स्मारक इंटरमीडिएट कॉलेज सिखारा हाथरस ने किया।

# हमारी दौलत है खाटू श्याम...

○ खाटू श्याम के भजनों पर झूमे श्रद्धालु

○ स्थापना दिवस पर हुआ श्री श्याम संकीर्तन

**आगरा (एनएनआई)।** जीवनी मंडी स्थित खाटू श्याम मंदिर में श्री श्याम घणी सेवक मण्डल द्वारा द्वितीय स्थापना दिवस पर श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अजय अवागढ़, चंद्रमोहन गोयल, अभिषेक वर्मा, सुनील बाबू वर्मा और रोहित गोला ने खाटू श्याम जी के समक्ष पावन ज्योत प्रज्वलित कर और मंगल आरती उतार कर किया। गायक आयुष सोमानी ने हमारी दौलत है खाटू श्याम..., जिसकी नैया श्याम भरोसे..., थक सा गया हूं मैं बाबा..., हम है श्याम के प्यारे, बाबा श्याम हमारे..., गायिका सोनम समता ने 'जब भी श्याम दीवानों के सर पर संकट मंडरायेगा, बाबा दौड़ा आएगा..., आयो सांवरिया सरकार..., श्याम दिखता नहीं पर वो मौजूद हैं...गायक ध्रुव शर्मा ने आयो सांवरिया सरकार..., तेरी रहमतो का दरिया सरे आम चल रहा है.. और गायक अनूप गोयल ने आने वाली ग्यारस की रात है बस कुछ दिनों की बात है..., दर्शन करने आये दर्शन करके जायेंगे.. आदि भक्ति गीतों से भाव विभोर किया। श्याम बाबा का श्रृंगार रजनीगंधा, ऑर्चिड फूल, सफेद गुलाब और बेला के फूलों और कन्नौज के सुगन्धित इत्रों से किया गया। अखंड ज्योति व श्याम रसोई का भक्तों ने लाभ लिया। इस दौरान खचाखच भरा अग्रवन श्याम बाबा के जयकारों से गुंजायमान रहा। इस मौके पर प्रमोद अग्रवाल, रौनक गोयल, नितिन वर्मा, राहुल जिंदल, गौरव शर्मा, प्रदीप शर्मा, राजीव शर्मा, यश कुशवाह, अंकित कुशवाह, प्रमोद बंसल, विकास बंसल, पीयूष शर्मा, राहुल गोयल, विशाल कुशवाह, ईशिता अग्रवाल, सुमन लता वर्मा, गीता वर्मा, मधु सोनी, काव्यांश, रश्मि, पूनम आदि मौजूद रहे।








# झूलेलाल घाट पर हुआ भूमि पूजन

सिंधुनगरी महोत्सव की तैयारियां हुईं तेज

एनएनआई



**आगरा।** बल्केश्वर स्थित झूलेलाल घाट पर पंडित गौरी शंकर शर्मा द्वारा विधि विधान और मंत्रोच्चारण के साथ पूजन कर यमुना मैया की आरती की गई और भूमि पूजन हुआ। भगवान झूलेलाल की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित किया गया। दस अप्रैल को भगवान झूलेलाल ज्योति (बहराणा साहब की ज्योति) विसर्जन और सिंधुनगरी महोत्सव मनाया जाएगा। महेश कुमार सोनी और महासचिव मनोहर लाल हंस ने बताया कि सिंधु नगरी महोत्सव में कई तरुण द्वार सजाए जाएंगे। झूलेलाल जयन्ती पर सैकड़ों बहराणा साहब की ज्योति को सिंधु में नगरी में लाए जाने पर तोपों द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया जाएगा। नाव में बैठ यमुना मैया की बीच धारा में बहराणा साहब की ज्योति को महंतों द्वारा पल्लव (मंत्रोच्चारण) के साथ विधि विधान से विसर्जित किया जाएगा। इस दौरान मोहनलाल बोधवानी को सिंधु रत्न, मोहन लाल नागदेव, रामचंद्र छावड़िया, दीदी भगवन्ती सजनानी को सिंधु श्री रत्न से सम्मानित किया जाएगा। इस मौके पर श्याम भोजवानी, चांदनी भोजवानी, गिरधारीलाल करमचंदानी, नंदलाल आसवानी, रामचंद्र हंसानी, खेमचंद तैजानी, महेश मदनानी, राजा सुखनानी, जतिन मंगलानी, नंदलाल, प्रदीप बनवारी, मनीष लालवानी, पारस बजाज, कुलकीत खुशानी, प्रदीप भटीजा आदि उपस्थित थे।

## पूर्व छात्रों ने ताजा की यादें



**आगरा एनएनआई।** ओल्ड बॉयज एसोसिएशन रतन मुनि जैन इंटर कॉलेज का पूर्व छात्र मिलन समारोह सेल्फी रेस्टोरेंट आवास विकास पर हुआ। इसमें 1987 हाई स्कूल बैच के पूर्व छात्रों ने अपने परिवार के साथ शिरकत की। सभी ने अपने छात्र समय की यादें एक-दूसरे से साझा कीं। सभी मस्ती और धमाल करते हुए एक-दूसरे के गले मिले। मुख्य अतिथि विकास मोहन बंसल, राजेश सैनी, अरविंद वर्मा, नरेंद्र सिंह, ओम प्रकाश, विजय सिंह, राजीव भदौरिया, राजीव सिंह, प्रदीप सिंह, ललित खन्ना, मनोज शर्मा, गोपाल वर्मा, विवेक सक्सेना, राजीव राख्यानी, चंचल बंसल, शिवा सैनी, मिथलेश शाक्य, मीनाक्षी वर्मा, अनिता, मधु, मोना, रजनी, अन्नू, चित्रा, उर्मिला आदि मौजूद रहे।

रतन मुनि जैन इंटर कॉलेज के ओल्ड बॉयज का हुआ समारोह

## 68 मरीजों ने शिविर में कराई जांच

**आगरा एनएनआई।** सहयोग वाटिका सेवा समिति द्वारा पालीवाल पार्क स्थित सहयोग वाटिका में निःशुल्क जांच शिविर लगाया गया। शिविर में पालीवाल पार्क में प्रतिदिन आने वाले 68 लोगों ने अपनी सीबीसी, मधुमेह, रक्तचाप की जांचें कराईं। समिति अध्यक्ष राकेश गुप्ता ने बताया कि दौड़ती भागती जिंदगी में हम लोग अपने स्वास्थ्य का ध्यान नहीं रख पाते हैं। हमे समय-समय पर हल्की-फुल्की समस्या होने पर तुरंत डॉक्टर की सलाह से जांच करा कर समस्या को बढ़ने से पहले ही इलाज कराकर लाभ पाया जा सकता है। इस मौके पर खरगेश वार्ष्णेय, पंकज अग्रवाल, भगत सिंह चौहान, अशोक गुप्ता, विष्णु अग्रवाल, राजू गुप्ता, अज्जू गोयल, विशाल वर्मा, बबलू जैन, सुरेश चंद्र गुप्ता और गोविंद वर्मा आदि मौजूद रहे।














## आसमान में विमान और निकल गया इंजन का कवर

**अमेरिका।** अमेरिका में साउथ वेस्ट एयरलाइन के एक विमान में उस वक्त हड़कंप मच गया जब उड़ान भरने के दौरान विमान के इंजन का कवर निकलकर ह्विंग फ्लैपह्र में फंस गया। इस हादसे के बाद विमान को कोलोरैडो राज्य के डेनवर लौटना पड़ा। फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन की तरफ से इस पूरे मामले को लेकर जनकारी दी गई है। घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। साउथ वेस्ट एयरलाइन ने एक बयान में बताया कि बोइंग 737 विमान सुरक्षित रूप से उतर गया। विमान के सुरक्षित वापस लौटने के बाद एक दूसरे विमान से यात्रियों को ह्यूस्टन भेजा गया। इस पूरी कवायद में यात्रियों को करीब चार घंटे की देरी हुई। एयरलाइन ने अपने बयान में देरी और असुविधा के लिए यात्रियों से माफीमांगी है। एयरलाइन की तरफ से कहा गया है कि ग्राहकों और कर्मचारियों की सुरक्षा उनकी प्राथमिकता है। विमान के इंजन की आखिरी बार मैंटिनेंस कबहुई थी इस बार में कोई जानकारी नहीं मिल सकी है। साउथ वेस्ट एयरलाइन की तरफ से दिए गए बयान के मुताबिक, विमानन कंपनी ने कहा है कि उसकी मेंटिनेंस टीम विमान का परीक्षण कर रही है। एयरलाइन के विमान में इस हफ्ते दूसरी बार खराबी आई है। पिछले बृहस्पतिवार को उसकी टेक्सास से रवाना होने वाली उड़ान को, विमान के इंजन में आग लगने की सूचना के बाद रद्द करना पड़ा था। टेक्सास में लब्बॉक के दमकल विभाग ने पुष्टि की है कि विमान के दो में से एक इंजन में आग लगी थी। फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन दोनों घटनाओं की जांच कर रहा है। दोनों विमान 737-800एस हैं जो 737 मैक्स से पुराना मॉडल है।

## सड़क हादसे में देवर-भाभी की मौत, बच्चा बाल-बाल बचा

**अबोहर।** बाइक पर सवार होकर शोकसभा में शामिल होने जा रहे देवर भाभी की सड़क हादसे में मौत हो गई। यह हादसा अचानक सामने पशु आने के चलते हुआ। उनके साथ सवार एक बच्चा इस हादसे में बाल बाल बच गया। जानकारी के अनुसर अबोहर उपमंडल के तहत आते बल्लुआना की ढाणी देसराज निवासी भोला व उसकी भाभी राज कौर तथा उनका तीन साल का पोता अमनजोत बाइक पर सवार होकर ऐलनाबाद में एक शोकसभा में शामिल होने जा रहे थे। जब वे सरदारपुरा ढाणी के पास पहुंचे तो उनकी बाइक अचानक सामने आए पशु से टकरा गई, जिससे तीनों सड़क पर गिर कर घायल हो गए। घायलों को अबोहर के सरकारी अस्पताल में ले जाया गया, जहां भोला व उसकी भाभी राज कौर की मौत हो गई। जबकि तीन साल का बच्चा अमनजोत मामूली चोटिल हुआ।

## इजराइल की जीत के लिए राफा ऑपरेशन जरूरी- नेतन्याहू

**इजराइल।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने दक्षिणी गाजा शहर राफा पर आक्रमण करने की अपनी प्रतिज्ञा को आगे बढ़ाते हुए घोषणा किया कि तारीख तय हो चुकी है। नेतन्याहू ने बार-बार कहा है कि इजराइल को राफा में जमीनी सेना भेजनी चाहिए। उनका मानना है कि यह गाजा में हमास का आखिरी गढ़ है। लेकिन अमेरिका सहित अंतर्राष्ट्रीय समुदाय ने इस ऑपरेशन का विरोध करते हुए कहा कि वहां शरण लेने वाले लगभग 1.4 मिलियन नागरिक खतरे में होंगे। इजराइल ने जोर देकर कहा है कि उसके पास नागरिकों की सुरक्षा के लिए एक योजना है। सोमवार को एक वीडियो बयान में नेतन्याहू ने कहा कि जीत के लिए राफा ऑपरेशन जरूरी है। उन्होंने तब बात की जब इजराइली वातार्कार काहिरा में हमास के साथ संघर्ष विराम समझौते के लिए अंतरराष्ट्रीय प्रयासों पर चर्चा कर रहे थे। राफा शहर में हमला तेज करने का संकल्प इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने दक्षिणी गाजा के राफा शहर में हमला तेज करने का संकल्प लिया है। नेतन्याहू ने बार-बार कहा है कि इजराइल को राफा में जमीनी बलों को भेजना चाहिए क्योंकि यह गाजा में हमास का आखिरी गढ़ है।

# संपत्ति के लिए मां का कत्ल

**● बेटा, बहू व पोता गंगा स्नान कराने की कहकर ले गए, गला दबा हत्याकर नहर में फेंका**

**यमुनानगर (हरियाणा)।** हरियाणा के यमुनानगर के फर्कपुर थाना क्षेत्र के सुढल गांव निवासी 68 वर्षीय नीलम देवी के हत्यारोपी बेटे राकेश, पुत्रवधू सुमन और पोते सागर को पुलिस ने सोमवार को अदालत में पेश किया। यहां से आरोपियों को तीन दिन की रिमांड पर लिया गया। रिमांड के दौरान आरोपियों से वारदात में प्रयुक्त परना व कार बरामद की जाएगी। फर्कपुर थाना प्रभारी जनक राज के अनुसार, अब तक की पूछताछ में सामने आया है कि नीलम देवी ने अपने इकलौते बेटे राकेश को साल 2015 में अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया था। इसके बाद राकेश अपने परिवार के साथ देहरादून चला गया था। अब नीलम ने अपना 300 गज का प्लाट बेचा था, जिसका पता राकेश को चल गया था। उन्हीं रुपयों को हड़पने के लिए राकेश ने बेटे सागर और पत्नी सुमन के साथ मिलकर अपनी मां की हत्या की साजिश रची। इसके तहत 18 फरवरी को राकेश अपने बेटे और पत्नी के साथ सुढल आया और अपनी मां नीलम देवी को गंगा स्नान कराने के बहाने अपने साथ कार में बिठाकर ले गया। इसके बाद उत्तराखंड के विकास नगर में डालीपुर बांध के पास नहर की पटरी किनारे कार रोककर आरोपी राकेश व उसके बेटे सागर ने नीलम की परने से गला घोंटकर हत्या कर दी। इसके बाद उसके शव को नहर में फेंक दिया। फिर दो मार्च को सागर ने अपनी दादी के लापता होने की फर्कपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में सागर ने कहा था कि वह अपनी बुआ के पास अंबाला के



दुखेड़ी में रहता है। जबकि उसका पिता राकेश व मां सुमन देहरादून में रहते हैं। उसकी दादी से 16 फरवरी को बात हुई थी। उसके बाद से उसका मोबाइल बंद आ रहा था। पुलिस ने मोबाइल लोकेशन के आधार पर मामले की जांच की तो पता चला कि 18 फरवरी को आरोपी राकेश, सुमन व सागर गांव सुढल में आए थे। तभी से नीलम लापता थी। इसके बाद वारदात को अंजाम देने के बाद प्रॉपर्टी के दस्तावेज लेने के लिए सागर और उसकी मां सुमन नीलम के घर आए। तब पड़ोसियों ने उन्हें देखकर शक जाहिर किया था। पुलिस ने शक के आधार पर जब सागर को थाने में पूछताछ के लिए बुलाया तो आरोपी ने गुनाह कबूल कर लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपी सागर ने बताया कि उसके पिता राकेश का दादी नीलम के साथ प्रॉपर्टी को लेकर विवाद था। उसके पिता को शक था कि उसकी दादी गांव की प्रॉपर्टी बेचने के बाद उसे कुछ नहीं देगी। इस पर उन्होंने गांव में आकर अपनी दादी को हरिद्वार गंगा स्नान करने के बहाने कार में उत्तराखंड के डालीपुर बांध के पास ले जाकर गला दबाकर हत्या कर दी। फिर उसके शव को नहर में फेंक दिया। इस दौरान उत्तराखंड की विकासनगर पुलिस को नहर से महिला का एक शव बरामद हुआ था। उसकी शिनाख्त न होने पर पुलिस ने उसका संस्कार करवा दिया था।

## पाकिस्तान में क्वेटा की मस्जिद में विस्फोट

**क्वेटा।** पाकिस्तान के क्वेटा में सोमवार को एक मस्जिद के विस्फोट हुआ। इस विस्फोट में एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई, जबकि अन्य 12 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में पांच सुरक्षाकर्मी भी शामिल हैं। विस्फोट के बाद घायलों को तुरंत पास के अस्पताल में इलाज के लिए ले जाया गया। इस घटना के बाद कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने इलाके की घेराबंदी कर दी। विस्फोट के कारणों का पता लगाने के लिए जांच जारी है। इस क्षेत्र में पहली बार विस्फोट नहीं हुआ है। प्रांत में हाल ही में आतंकवादी गतिविधियों में वृद्धि देखी गई है। फरवरी में बलूचिस्तान के पिशिन क्षेत्र में एक राजनीतिक पार्टी के दफ्तर के बाहर विस्फोट में 12 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि अन्य 25 लोग घायल हुए थे। खराब अर्थव्यवस्था से जूझ रहे अफगानिस्तान में ऑनलाइन मनी एक्सचेंज को अवैध घोषित किया गया है। दरअसल, तालिबान के नियंत्रण वाले केंद्रीय बैंक ने घोषणा की कि उसने ऑनलाइन मनी एक्सचेंज गतिविधियों के लिए कोई लाइसेंस जारी नहीं की है। बैंक ने बताया कि किसी भी कंपनी या व्यक्ति को ऑनलाइन मनी एक्सचेंज में शामिल होने का लाइसेंस नहीं मिला है।

## 9 लाख रुपये के लिए ले लीं 145 जिंदगियां

**मॉस्को।** मॉस्को में खचाखच भरे कॉन्सर्ट हॉल पर हमला करने वाले आतंकियों ने महज 9 लाख रुपये के लिए 145 लोगों की जान ले ली। हमले के बाद ये आतंकी यूक्रेन भागने वाले थे। इसके लिए उन्होंने दो रास्ते चुने थे। सीमा पर एक व्यक्ति मिलने वाला था जो आतंकियों की यूक्रेन सीमा में एंट्री कराता। कैश का भुगतान उन्हें कीव में किया जाना था. रूस की फेडरल सिक्योरिटी सर्विस के सामने खुद आतंकियों ने ये बात कबूली है। पिछले महीने 22 मार्च को चार ताजिक नागरिकों ने मॉस्को के क्रॉकस सिटी हॉल में अंधाधुंध गोलियां चलाकर इमारत को आग के हवाले कर दिया था। इस हमले में तकरीबन 145 लोग मारे गए थे और 500 से अधिक घायल हुए थे। हमलावर उस वक्त गिरफ्तार किए गए थे जब वह यूक्रेन भागने की कोशिश कर कर रहे थे। इसके बाद और संदिग्ध भी गिरफ्तार किए गए थे, जिसमें ज्यादातर ताजिक मूल के थे। मॉस्को पर हुए हमले की जिम्मेदारी जिहादी समूह इस्लामिक स्टेट खुरासान प्रांत यानी आईएसआईएस ने ली थी, हालांकि फेडरेल सिक्योरिटी सर्विस के प्रमुख इलेक्जेंडर का मानना था कि इस हमले के हाथ यूएस, यूके और यूक्रेन से भी जुड़े हो सकते हैं। उन्होंने अंदेशा जताया था कि यह देश इस्लामवादियों को प्रॉक्सी के तौर पर इस्तेमाल किया जा रहा था। एफएसबी के मुताबिक मॉस्को में जिन आतंकियों ने हमला किया उनके हैंडलर का सैफुल्ला था। आतंकी उसी के निर्देश का पालन कर रहे थे। एफएसबी की ओर से जारी वीडियो में भी आतंकी उसका जिक्र करता नजर आ रहा है। उसके मुताबिक हमले के बाद आतंकियों को यूक्रेन भागने के लिए कहा गया था।



जहां उन्हें 10 लाख रुबल यानी तकरीबन 9 लाख रुपये हर व्यक्ति को मिलने थे। हमले के आरोपी ने बताया कि सैफुल्ला ने कहा था कि यूक्रेन की सीमा पर पहुंचो, वहां से यूक्रेन तक जाने में हम मदद करेंगे।

**सूर्यग्रहण 2024**

## मैक्सिको में दिखा सूर्यग्रहण का दुर्लभ नजारा

**मैक्सिको।** साल के पहले सूर्य ग्रहण को लेकर खगोल विज्ञान से जुड़े लोगों में काफी उत्सुकता देखी जा रही है। मैक्सिको में सबसे पहले पूर्ण सूर्य ग्रहण देखे जाने की खबर है। अमेरिका और कनाडा में भी ऐसा नजारा दिखेगा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यह पूर्ण सूर्य ग्रहण दुर्लभ है। मैक्सिको के स्थानीय समय के मुताबिक सुबह 11:07 बजे पूर्ण सूर्य ग्रहण का नजारा दिखा, यानी सूर्य पूरी तरह ढक गया।

इस कारण मैक्सिको का प्रशांत तट पूरी तरह से अंधेरे के आगोश में समा गया। दिन में रात जैसे मंजर का एहसास होने लगा। गौरतलब है कि खगोलीय घटना सूर्य ग्रहण के दौरान चंद्रमा सूर्य की रोशनी को पूरी तरह अवरुद्ध कर देता है। मैक्सिको के बाद कनाडा के अटलांटिक तट और अमेरिका में भी पूर्ण सूर्य ग्रहण देखा जा सकेगा। यह नजारा लाखों लोग देखेंगे। साल 2024 का पहला सूर्य ग्रहण



शुरू हो चुका है। पश्चिमी यूरोप पेसिफिक, अटलांटिक, आर्कटिक मैक्सिको, उत्तरी अमेरिका, मध्य अमेरिका, दक्षिण अमेरिका के उत्तरी भाग, कनाडा, इंग्लैंड के उत्तर पश्चिम क्षेत्र और आयरलैंड में यह पूर्ण सूर्य ग्रहण नजर आएगा। एक्सपर्ट्स मानते हैं कि सोलर मैक्सिमम का चरण पूर्वानुमान से एक साल पहले ही शुरू हो गया है, लेकिन जब तक पूरी तरह खत्म नहीं होता है, तब तक हम कुछ नहीं कहा जा सकता है। बीते दो महीनों से सौर गतिविधियां बहुत अधिक बढ़ी हुई थीं। सूर्य पर विशाल सनस्पॉट थे जिनसे लगातार एक्स श्रेणी की सौर लपटें निकल रही थीं। यह सबसे शक्तिशाली सौर विस्फोट होते हैं।

## फिर बढ़ी पाकिस्तान की मुसीबत, विश्व बैंक ने लाद दीं कई शर्तें

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में चौंका देने वाले आर्थिक संकट से उबरने के लिए अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) के साथ जारी बेलआउट वार्ता के बीच, विश्व बैंक ने भी नई शर्तें लादी हैं। विश्व बैंक ने क्षेत्र-आधारित छूट, मालिक-कब्जेदार छूट व अनिवासी छूट जैसी सब्सिडी घटाने समेत संघीय व प्रांतीय खर्चों की एकीकृत राष्ट्रीय राजकोषीय नीति अपनाने का दबाव भी डाला है। इन्हें पूरा करने पर पाकिस्तान में महंगाई चरम पर होगी। विश्व बैंक ने इस्लामाबाद को सांविधानिक आदेशों के साथ एक राष्ट्रीय राजकोषीय नीति अपनाने को कहा है। उसने विभिन्न संघीय-प्रांतीय राजस्व एजेंसियों को जीएसटी संग्रह एजेंसी में विलय करने, अगले वित्तीय बजट में कृषि, पूंजीगत लाभ तथा रियल एस्टेट पर प्रभावी ढंग से कर लगाने की शर्तें भी लादी हैं।

न्यूज नेक्स्ट इंडिया
हर खबर पर पक्की नज़र


## संपादकीय

# साख का सवाल

**दुनिया** का सबसे बड़ा लोकतंत्र होने की वजह से भारत के चुनाव पर सबकी नजर भी होती है। वैसे हर चुनाव महत्वपूर्ण होता है लेकिन लोकसभा चुनाव 2024 भारत के चुनाव आयोग और केंद्र सरकार दोनों की साख के लिए बहुत अहम हो गया है। चुनाव से पहले विपक्षी नेताओं के खिलाफ केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई और विपक्ष के शोर मचाने की वजह से दुनिया का ध्यान भारत के चुनाव की ओर ज्यादा दिख रहा है।कांग्रेस के बैंक खाते सीज किए जाने और आयकर नोटिस की घटना के बाद अमेरिका और संयुक्त राष्ट्र ने कहा था कि सबको समान अवसर सुनिश्चित किया जाना चाहिए। अमेरिका ने यह भी कहा था कि उसकी नजर चुनावों पर रहेगी। हालांकि उसकी नजर बांग्लादेश और श्रीलंका के चुनाव पर भी थी और रूस के चुनाव पर भी थी लेकिन इन देशों में जिस तरह से चुनाव हुए उसमें उसने क्या कर लिया?भारत का लोकतंत्र इन देशों के मुकाबले ज्यादा जीवंत है और यहां के चुनाव आयोग की भी एक साख रही है। ऊपर से भारत 140 करोड़ लोगों का देश है, जिसमें करीब एक सौ करोड़ मतदाता है। इसलिए यहां अगर चुनाव की स्वतंत्रता, निष्पक्षता और पारदर्शिता पर सवाल उठता है या संदेह पैदा होता है तो उसका बहुत बड़ा असर होगा।चुनाव आयोग निष्पक्ष दिखे और निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से काम करे यह बेहद जरूरी है। इस लिहाज से कह सकते हैं कि पहली जरुरत विपक्षी पार्टियों के खिलाफ चल रही केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई रोकने की है। हालांकि यह चुनाव आयोग के हाथ में नहीं है या इसे आचार संहिता का उल्लंघन नहीं कहा जा सकता है। लेकिन सबको पता है कि लोकतंत्र सिर्फ कानूनों के जरिए नहीं चलता है, बल्कि कई चीजें परंपरा से स्थापित हैं और उनका पालन किया जाना जरूरी है।विपक्षी पार्टी कांग्रेस के खिलाफ आयकर विभाग ने साढ़े तीन हजार करोड़ रुपए की नोटिस पर कार्रवाई नहीं करने का जो भरोसा दिया है और जिस तरह से ईडी ने आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह की जमानत का विरोध नहीं किया उससे ऐसा लग रहा है कि सरकार भी सावधान हो गई है।सरकार को भी लगा है कि विपक्ष के खिलाफ बहुत ज्यादा कार्रवाई से चुनावी राजनीति पर तो पता नहीं क्या असर होगा लेकिन अंतरराष्ट्रीय समुदाय में बहुत ज्यादा बदनामी हो जाएगी। हो सकता है कि सरकार को यह भी लगा हो कि चुनाव आयोग की साख बचाना जरूरी है अन्यथा चुनाव की पूरी प्रक्रिया संदिग्ध हो जाएगी। आमतौर पर चुनाव के समय जो भी कार्रवाई होती है वह चुनाव आयोग की देख रेख में और उससे तालमेल बना कर किया जाता है। इसलिए एजेंसियों की स्वतंत्र कार्रवाई की बजाय अब आयोग से समन्वय बना कर कार्रवाई होने की संभावना बढ़ गई है।असल में चुनाव आयोग का या केंद्रीय एजेंसियों का निष्पक्षता से काम करना जितना जरूरी है उतना ही जरूरी निष्पक्ष दिखना भी है। अभी इनका रवैया एकतरफा दिख रहा था। कह सकते हैं कि विपक्ष की बड़ी साझा रैली और आरोपों की निरंतरता का असर यह हुआ है कि चुनाव आयोग निष्पक्षता से काम करते दिखने की कोशिश कर रहा है। अगले दो महीने तक चलने वाली चुनाव प्रक्रिया में कई बार इसकी परीक्षा होगी। विपक्षी पार्टियां चाहती हैं कि उनके खिलाफ कार्रवाई बंद हो। नेताओं को समन किया जाना बंद हो और उनके ऊपर लटकी केंद्रीय एजेंसियों की तलवार हटाई जाए। विपक्षी पार्टियों ने गिरफ्तार नेताओं को रिहा करने की भी मांग की है।इमरजेंसी के दौरान जब चुनाव हो रहे थे तब इंदिरा गांधी ने एकाध को छोड़ कर बाकी सभी नेताओं को जेल से रिहा कर दिया था। इसी तरह विपक्ष अरविंद केजरीवाल, हेमंत सोरेन आदि को रिहा करने की मांग कर रहा है। हो सकता है कि रिहाई नहीं हो लेकिन अभी चल रही कार्रवाई भी रूक जाए।आयोग को चुनिंदा तरीके से कार्रवाई करने से बचना होगा। हर साल की तरह एक अप्रैल से टोल टैक्स में बढ़ोतरी होती है। लेकिन चुनाव आयोग ने इस बार इसे रूकवा दिया है। उसने सरकार से कहा कि यह बढ़ोतरी चुनाव के बाद की जाए। सोचें, इसका क्या मतलब है? अगर टोल टैक्स में बढ़ोतरी होती तो हर दिन लाखों लोग इसे महसूस करते, जिसका कुछ नुकसान सत्तारूढ़ दल को हो सकता था। इसे चुनाव आयोग ने रूकवा दिया।लेकिन कॉमर्शियल रसोई गैस के सिलेंडर के दाम में 30 रुपए की कटौती हुई है उसे चुनाव आयोग ने नहीं रूकवाया। अगर आचार संहिता के बीच टोल टैक्स में बढ़ोतरी रोकी जा सकती है तो सिलेंडर के दाम में कटौती क्यों नहीं रोकी जानी चाहिए? इसी तरह चुनाव आयोग ने दवाओं की कीमत में बढ़ोतरी पर भी रोक नहीं लगाई है। आचार संहिता लागू होने के बाद केंद्र सरकार ने मनरेगा की मजदूरी में तीन से 10 फीसदी तक की बढ़ोतरी की है, जो एक अप्रैल से लागू हो गई है। पार्टियां इस पर चुप हैं क्योंकि उनको लग रहा था कि मनरेगा की मजदूरी में बढ़ोतरी का विरोध किया तो उसका नुकसान होगा। लेकिन चुनाव आयोग को तो इसका ध्यान रखना चाहिए था।चुनाव आयोग की निष्पक्षता का एक बड़ा मुद्दा इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मशीन यानी ईवीएम से जुड़ा है। विपक्ष चाहता है कि चुनाव बैलेट पेपर से हो लेकिन अब यह संभव नहीं लग रहा है कि इस समय आयोग ईवीएम छोड़ कर बैलेट की ओर लौटेगा। लेकिन वीवीपैट की पर्चियों की गिनती अब भी संभव है। इसका मामला सुप्रीम कोर्ट में है और सर्वोच्च अदालत ने चुनाव आयोग व सरकार दोनों से इस पर जवाब मांगा है।विपक्ष चाहता है कि सभी वीवीपैट मशीनों की पर्चियों की गिनती हो और उसका मिलान ईवीएम के नतीजों से किया जाए।चुनाव आयोग को इस मामले को गंभीरता से देखना चाहिए आखिर यह दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकतंत्र की जननी कहते हैं उसकी जीवंतता और साख दोनों का सवाल है।

# कंस मेला पर निकली श्री कृष्ण बलदेव शोभायात्रा

एनएनआई

**फतेहपुर सीकरी।** ऐतिहासिक कंस मेला के अवसर पर श्री कृष्ण बलदेव शोभा यात्रा बैंड बाजों के साथ निकाली गई । कंस मेला कमेटी के संयोजन में श्री कृष्ण बलदेव शोभा यात्रा का तेहरा गेट से शुभारंभ श्री कृष्ण बलदेव स्वरूपों की आरती उतार कर किया गया। शोभा यात्रा में गणेश जी महाराज, महालक्ष्मी ,शिव परिवार , राधा कृष्ण, खाटू नरेश, दुर्गा माता ,राम दरबार समेत दर्जन पर झांकियां बैंड बाजों के साथ सम्मिलित रहीं।शोभायात्रा कांदउबार , चूड़ीबाजार, सराफा बाजार , मुख्य बाजार ,घंटाघर होते हुए बस स्टैंड स्थित कंस टीला पर पहुंची, जहां श्री कृष्ण बलदेव स्वरूपों ने कंस का वध किया । इस मौके पर रंगीन आतिशबाजी की गई । कमेटी द्वारा झांकियां के स्वरूपों , बैंड संचालकों एवं सहयोगियों का स्वागत व सम्मान किया गया । वहीं बस स्टैंड क्षेत्र में लगे मेला में महिलाओं बच्चों एवं ग्रामीणों ने दुकानों से जमकर खरीदारी की तथा जलेबी इमरती व अन्य मिठाइयों का लुफ्त उठाया .मेला व शोभा यात्रा में सुरक्षा व्यवस्था के लिए प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र दहिया कस्बा चौकी प्रभारी दिनेश कुमार सर्कल के पुलिस फोर्स के साथ मौजूद रहे । शोभा यात्रा में अंजुल गोयल, मुकुल अग्रवाल ,राहुल घाटी ,नेमीचंद गर्ग, सचिन गर्ग,पंकज गर्ग ,नितेश अग्रवाल ,मनोज बंसल किरावली, अनुराग गोयल ,मनोज अग्रवाल, आकाश मित्तल, मोहन सिंघल आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।





## सोमवती अमावस्याः बटेश्वर में उमड़े श्रद्धालु, यमुना में लगाई डुबकी, भोलेनाथ को पूजा

**बाह।** धर्म संस्कृति की नगरी एवं पौराणिक तीर्थ बटेश्वर में सोमवती अमावस्या के स्नान को श्रद्धालु उमड़े। शिव मंदिर श्रंखला के घाट पर यमुना नदी में डुबकी लगाई। सोमवार सुबह तड़के से सांझ ढले तक चले यमुना स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने ब्रह्मलाल जी मंदिर में दर्शन पूजन किया। दर्शन पूजन के लिए श्रद्धालुओं को लंबी लाइन में घंटों इंतजार करना पड़ा। गौरी शंकर मंदिर में महिला श्रद्धालुओं ने अपने सौभाग्य के लिए शिव पार्वती को पूजा। भीड़ अधिक होने की बजह से श्रद्धालुओं ने मोटेश्वर महादेव मंदिर, पचमुखी महादेव मंदिर, पातालेश्वर महादेव मंदिर, जोगेश्वर महादेव मंदिर में पूजा पाठ किया। दर्शन पूजन के बाद साधु संतों को भोजन कराकर दान पुण्य अर्जित किया। मंदिर के पुजारी राकेश वाजपेयी, जय प्रकाश गोस्वामी ने बताया कि सोमवती अमावस्या पर विशेष योग बनने की बजह से यमुना स्नान और भोलेनाथ के अनुष्ठान के लिए श्रद्धालुओं का दिन भर जमघट लगा रहा। कोई अप्रिय घटना नहीं हुई।

## परशुराम सेना ने मंगल पांडे के बलिदान दिवस पर पुष्प अर्पित कर दीं श्रद्धांजलि

**पिनाहट।** सोमवार को परशुराम युवा सेना के द्वारा मंगल पांडे के बलिदान दिवस पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।समाजसेवियों ने मंगल पांडे के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनकी वीरगाथाओं को भी सुनाया। परशुराम सेना कार्यालय चचिहा रोड पर मंगल पांडे के बलिदान दिवस पर दीप जलाकर, पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया गया। परशुराम सेना अध्यक्ष मोहित विधौलिया ने क्रांतिकारी मंगल पांडे के जीवन पर प्रकाश डाला।और बताया कि अंग्रेजो के खिलाफ सबसे पहले विद्रोह करने वाले भारत माता के वीर सपूत के कार्यों पर प्रकाश डाला।और उनको श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस दौरान मोहित विधौलिया, मुकेश शर्मा, शुभम शर्मा, विष्णु पंडित जी, पवन शर्मा, रवि दैपुरिया, विकास शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।



## उधारी के रुपए मांगने पर निजी स्कूल में पथराव

**कागारौल।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव वानपुर स्थित एक निजी स्कूल में उधारी के रुपयों को मांगने पर रविवार शाम को पथराव हो गया जिसमें जमकर ईंट पत्थर फिकें। जिसकी वीडियो ग्रामीणों ने सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। घटना रविवार शाम की है। गड़ी कालिया के निवासी हरवीर सिंह गहर्रा की प्याऊ पर बुक सैलिंग की दुकान चलाते है। सोमवार को हरवीर ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि वानपुर स्थित निजी स्कूल के संचालक ने चार वर्ष पूर्व अपने विद्यालय के छात्रों को उनकी दुकान से उधार किताबें दिलवाई थी। जिसका करीब 13 हजार रुपए उन पर बकाया हो गए। पिछले चार वर्ष से वो लगातार विद्यालय संचालक से वो रुपए देने का आग्रह करते रहे हैं लेकिन वह लगातार टालमटोल करता रहा। रविवार को वो जब वानपुर स्थित विद्यालय पहुंचे और उन्होंने विद्यालय संचालक से पैसे देने को कहा तो इससे विद्यालय संचालक बौखला गया और गाली गलौज करने लगा। इस दौरान छत पर चढ़कर उनके ऊपर ईट और पत्थर फेंकने लगा। जिसमें वह बाल बाल बच गए। जिसकी वहां मौजूद ग्रामीणों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर प्रसारित कर दी । घटना की सूचना पर पहुंची थाना कागारौल पुलिस ने पीड़ित से तहरीर लेकर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष कागारौल राजीव कुमार ने बताया की मामला संज्ञान में है पीड़ित से तहरीर लेकर वैधानिक कार्यवाही शुरू कर दी है।

# संवेदनशील मतदान केंद्रों का एसडीएम और एसीपी ने फोर्स के साथ किया निरीक्षण

एनएनआई

**कागारौल।** कस्बा स्थित प्राथमिक विद्यालय में आगामी चुनावों को लेकर पोलिंग बूथ बनाया गया है। ये बूथ संवेदनशील की श्रेणी में आता है। इस बूथ को लेकर प्रशासन अलर्ट मोड़ पर है। सोमवार को उपजिलाधिकारी खेरागढ़ संदीप यादव एसीपी सैंया देवेश कुमार, थानाध्यक्ष कागारौल राजीव कुमार ने मय थाना पुलिस और पैरा मिलिट्री फोर्स के साथ मतदान केंद्रों के निरीक्षण के साथ साथ कस्बे में पैदल गश्त किया। जगह जगह इकठ्ठी हुई भीड़ को अलग अलग रहने के निर्देश दिए।

उपजिलाधिकारी खेरागढ़ संदीप यादव ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनावों को लेकर प्रशासन अलर्ट मोड़ पर है। संवेदनशील मतदान केंद्र के साथ साथ हर जगह प्रशासन नजर बनाए हुए है।




चैत्र नवरात्रि एवं हिन्दू नव संवत्सर की हार्दिक शुभकामनायें
SIDWAL Carrier Elanpro Celfrost USHA
Available from 20 Ltrs. to 400 Ltrs.
COOL SPACE
Commercial Refrigeration & Kitchen Equipments
D-Block Road, Near Hotel Anjuman, Kamla Nagar, Agra
Mob.: 9412162266, 9412814141


नव संवत का नवल सवेरा जग में नव संचार भरे
नव आशा के कलश सजाकर मंगलमय संसार करें
सभी शहर वासियों को
'हिन्दू नववर्ष'
मंगलमय हो
संजय अग्रवाल
PACKAGING UNFOLDED
राधा आर. कृष्णा पैकिंग इण्डस्ट्रीज
खसरा नं. 84-85, मोहम्मदपुर, सिकन्दरा, आगरा- 282007
मो.- 9557065855, 9837216456


न्यू सीमा डेरी
(रजि.)
की तरफ से सभी शहर वासियों को
चैत्र नवरात्रि एवं हिन्दू नव संवत्सर
की हार्दिक शुभकामनायें
घी, मक्खन, क्रीम, पनीर, छैना फीकी
रबड़ी, सफल मटर आदि के विक्रेता
ए.पी. अग्रवाल (पप्पू)
भैरों बाजार, बेलनगंज, (भैरों मन्दिर के सामने) आगरा
Mob : 9837014595, 8859146270
सौरभ अग्रवाल


DSM SOLES
सभी शहर वासियों को
चैत्र नवरात्रि एवं हिन्दू नव संवत्सर
की हार्दिक शुभकामनायें
DSM SOLE PRODUCT PVT LTD.
Manufacturer of : All Kinds of PVC, TPR, EVA Sole
PU Rubber & Leather Sole, Hand Made Soles
E-91 & E-93, Sita-C Indusrial Area Sikandra, Agra
info@dsmsole.com Mob : 9837051451


सभी शहर वासियों को
चैत्र नवरात्रि एवं
हिन्दू नव संवत्सर
की हार्दिक शुभकामनायें
Mahendra Khandelwal 9319103100
Ayush Khandelwal 8449723457
ISO 9001 : 2015
BHAGWATI INDUSTRIES
mahendrakhandelwal60@yahoo.com
Distributor of:
Asian Gypsum Plaster
Ayushman Gypsum Plaster
Kalash Gypsum Plaster
Shri Ram Ashiyana Gypsum Plaster
Sakarni Gypsum Plaster
Asian Gypsum Vermiculite Plaster
Gypsum Board-India Gypsum,
Boral Gypsum, Gyjproc Gypsum
Armstorng Mineral Fiber Tile & Tee channel
AGP AYUSHMAN GYPSUM PLASTER
ISO : 9001-2015
A-GRADE SUPER FINE GYPSUM PLASTER
AYUSHMAN GYP PLAST
USE NO HOOKS
20/214, Sirki Mandi,
Loha Mandi, Near Thana
Loha Mandi, Agra


HAPPY
NAVRATRI
Kanhaiya Lal Agarwal
Nikhil Agarwal
Chirag Agarwal
Omaa Overseas
Plot No.: 44, Ahmed Nagar, Opp. Naveen Sabji Mandi
Agra- Mathura Bye Pass, Agra- 2822007
Mob.: +91-90277-58343
Email: 0maaoverseas@gmail.com
Web: www.omaaoverseas.com

# चेन्नई ने घर में फिर किया कमाल कोलकाता को दी आसानी से मात

• सीएसके ने केकेआर के खिलाफ चेपॉक पर बनाए रखा अपना दबदबा, लय बरकरार नहीं रख सका कोलकाता







**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स ने रवींद्र जडेजा और तुषार देशपांडे की शानदार गेंदबाजी के बाद कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ की बेहतरीन 58 गेंदों पर नौ चौकों की मदद से खेली नाबाद 67 रन की पारी के दम पर कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को सात विकेट से हराया। लगातार दो मैचों में हार के बाद चेन्नई अपने होम ग्राउंड पर जीत की पटरी पर लौटा, जबकि केकेआर को इस सीजन अपनी पहली हार का सामना करना पड़ा। केकेआर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में नौ विकेट पर 139 रन बनाए थे। जवाब में चेन्नई ने 17.4 ओवर में तीन विकेट पर 141 रन बनाकर मैच अपने नाम किया। पांच बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स को उसके घरेलू मैदान चेपॉक स्टेडियम पर हराना किसी भी टीम के लिए आसान बात नहीं है, लेकिन जब बात केकेआर की हो तो दो बार की विजेता इस टीम के लिए सीएसके को उसके होम ग्राउंड पर हराना काफी कठिन रहा है। आंकड़ों को देखें तो केकेआर ने आईपीएल में चेपॉक स्टेडियम में कुल 14 मैच खेले हैं और उसे 10 मैच में हार का सामना करना पड़ा है, जबकि सिर्फ चार मैच में टीम को सफलता मिली है। वहीं चेन्नई ने इस स्टेडियम पर केकेआर के खिलाफ कुल 11 आईपीएल के मुकाबले खेले हैं और उसने नौ मैच जीते हैं। चेन्नई ने इस मैच को एकतरफा अंदाज में जीतकर एक बार फिर केकेआर के खिलाफ अपने होम ग्राउंड पर दबदबा बनाए रखा है। केकेआर के बल्लेबाज जहां इस मैच में रन बनाने के लिए संघर्ष करते नजर आए, वहीं ऋतुराज ने कप्तानी पारी खेलते हुए चेन्नई को जीत दिलाई। चेन्नई ने अपने शुरूआती दो मैच जीते थे, लेकिन उसे पिछले दो मैचों में हार का सामना करना पड़ा था। इससे ऋतुराज की कप्तानी पर सवाल उठे रहे थे, लेकिन उन्होंने इस मैच में बेहतरीन प्रदर्शन कर अपने आलोचकों को जवाब दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए सीएसके ने रचिन रवींद्र के रूप में जल्द ही पहला विकेट गंवा दिया था। रचिन 15 रन बनाकर वैभव अरोड़ा का शिकार बने। इसके बाद ऋतुराज ने डेरिल मिचेल के साथ मिलकर पारी को आगे बढ़ाया और दोनों बल्लेबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया। ऋतुराज और डेरिल ने दूसरे विकेट के लिए 70 रनों की साझेदारी की और जीत की नींव रखी। डेरिल को हालांकि सुनील नरेन ने बोल्ड किया जो 25 रन बनाकर आउट हुए। फिर शिवम दुबे ने तेजी से रन बनाए, लेकिन वैभव ने उन्हें आउट कर मैच का अपना दूसरा विकेट लिया। शिवम ने 18 गेंदों पर एक चौका और तीन छक्के की मदद से 28 रनों की पारी खेली। इसके बाद मैदान पर पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी उतरे और चेपॉक स्टेडियम में दर्शकों ने उनका जोरदार स्वागत किया। धोनी एक रन बनाकर नाबाद लौटे और गायकवाड़ ने सीएसके के लिए विजयी चौका लगाया।

## हार के बावजूद दूसरे स्थान पर मौजूद केकेआर

चेन्नई की टीम इस जीत के बाद पांच मैचों में तीन जीत और दो हार के साथ छह अंक लेकर अंक तालिका में चौथे स्थान पर है। हालांकि इस हार के बावजूद कोलकाता की टीम छह अंक लेकर दूसरे स्थान पर मौजूद है। पहले नंबर पर राजस्थान रॉयल्स की टीम है जिसने चार मैचों में सभी चार मुकाबले जीते हैं और आठ अंक लेकर शीर्ष पर बनी हुई है। अब राजथान की टीम टूनार्मेंट की एकमात्र टीम है जिसने अबतक एक भी मैच नहीं गंवाया है।

## पहले ही गेंद पर आउट हुए सॉल्ट

इससे पहले, सीएसके ने टॉस जीतकर केकेआर को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया और तेज गेंदबाज तुषार देशपांडे ने कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ के फैसले को सही साबित किया। उन्होंने केकेआर के सलामी बल्लेबाज फिल सॉल्ट को पहली ही गेंद पर आउट कर टीम को शुरूआती सफलता दिलाई। सॉल्ट मैच की पहली गेंद पर आउट होने वाले केकेआर के पांचवें बल्लेबाज बने। उनसे पहले ब्रेंडन मैकुलम, मनोज तिवारी, जैक कैलिस और जो डेनली केकेआर के लिए पहली ही गेंद पर आउट होने वाले बल्लेबाज थे। वहीं, सीएसके के लिए पहली गेंद पर सफलता प्राप्त करने वाले तुषार तीसरे गेंदबाज बने। उनसे पहले लक्ष्मीपति बालाजी और दीपक चाहर यह उपलब्धि हासिल कर चुके हैं।

## नरेन-रघुवंशी ने केकेआर को संभाला

पहला झटका लगने के बाद सुनील नरेन और अंगकृष रघुवंशी ने केकेआर की पारी संभाली। नरेन ने तीसरा ओवर करने आए तुषार देशपांडे को आड़े हाथों लिया और उनके इस ओवर से 19 रन निकाले। नरेन ने लगातार दो गेंदों पर दो चौके लगाकर तुषार का स्वागत किया। इसके बाद चौथी गेंद पर भी चौका लगाया और पांचवीं गेंद को छक्के के लिए भेजा। इसी तरह अगला ओवर डालने आए शार्दुल ठाकुर का रघुवंशी ने चौके के साथ स्वागत किया। फिर नरेन ने भी शार्दुल पर एक जोरदार चौका जड़ा। दोनों बल्लेबाजों ने शानदार बल्लेबाजी कर पांच ओवर की समाप्ति तक 50 रन स्कोर बोर्ड पर खड़े कर लिए थे। केकेआर ने पावरप्ले की समाप्ति तक एक विकेट पर 56 रन बना लिए थे जो इस सीजन सीएसके के लिए चेपॉक स्टेडियम पर सबसे महंगा पावरप्ले रहा। उस समय लगा कि नरेन और रघुवंशी एक बार फिर केकेआर को बड़े स्कोर की तरफ ले जाएंगे, लेकि ऋतुराज ने गेंद जडेजा को सौंपी और उन्होंने पहली ही गेंद पर रघुवंशी को आउट कर केकेआर को दूसरा झटका दिया। रघुवंशी 18 गेंदों पर 24 रन बनाकर पवेलियन लौटे।

## सुमित ने दुनिया के 38वें नंबर के खिलाड़ी को हराया

**मोंटे कार्लो।** भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल ने यहां दुनिया के 38वें नंबर के खिलाड़ी मात्तेओ अर्नाल्डी को हराकर पहली बार एटीपी मास्टर्स टूनार्मेंट में मुख्य ड्रॉ में जीत दर्ज की। भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी नागल ने क्वालिफाइंग टूनार्मेंट के जरिये एटीपी मास्टर्स 1000 टूनार्मेंट में प्रवेश किया था। उन्होंने इतालवी प्रतिद्वंद्वी को 5-7, 6-2, 6-4 से हराया। अब उनका सामना डेनमार्क के होल्गर रूने से होगा जो विश्व रैंकिंग में सातवें स्थान पर हैं। नागल ने तीसरी बार शीर्ष 50 में शामिल किसी खिलाड़ी को हराया है, जबकि इस सत्र में इस स्तर के खिलाड़ी पर उनकी ऐसी दूसरी जीत है। उन्होंने सत्र की शुरूआत में मेलबर्न में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में दुनिया के 27वें नंबर के खिलाड़ी एलेक्जेंडर बुलबिक को हराया था। इससे पहले उन्होंने मार्च 2021 में चिली के क्रिस्टियन गैरिन को अर्जेंटीना ओपन में हराया था। अपने से उच्च रैंकिंग खिलाड़ियों को हराकर मुख्य ड्रॉ में प्रवेश करने वाले नागल ने क्लेकोर्ट टूनार्मेंट में इस जीत के साथ कॅरियर में पहली बार 80 रैंकिंग तक पहुंचना सुनिश्चित कर लिया है। फिलहाल वह दुनिया में 95वें नंबर के खिलाड़ी हैं। सुमित ने मार्च में इंडियन वेल्स टूनार्मेंट के लिए भी क्वालिफाई किया था लेकिन पहले दौर में कनाडा के मिलोस राओनिक से पराजित हो गए थे। क्वालिफाइंग दौर में नागल ने दुनिया के 63वें नंबर के खिलाड़ी फ्लेवियो कोबोली को सीधे सेटों में हराया था।

## सिंधू और लक्ष्य के सामने चुनौती, शुरूआती दौर में ही शीर्ष चीनी शटलरों से मुकाबला



**नई दिल्ली।** एशियाई बैडमिंटन चैंपियनशिप में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु और इस वर्ष ऑल इंग्लैंड के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले लक्ष्य सेन के सामने कठिन चुनौती है। सिंधु दूसरे दौर में पहुंचीं तो उनके सामने छठी वरीय चीन की हान यू होंगी, जबकि लक्ष्य के सामने पहले ही दौर में शीर्ष वरीय चीन के शी यूकी होंगे। एचएस प्रणय का पहले दौर में चीन के लू गुआंग जू से मुकाबला होगा। पेरिस ओलंपिक के क्वालिफिकेशन का यह अंतिम टूनार्मेंट है। इसके बाद ओलंपिक के लिए क्वालिफाई करने वाले शीर्ष 16 शटलरों की रैंकिंग जारी होनी है। इस टूनार्मेंट से सात्विकसाईराज रेंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष डबल्स जोड़ी पहले ही नाम वापस ले चुकी है। बावजूद इसके टूनार्मेंट में एशिया के सभी शीर्ष शटलर शिरकत कर रहे हैं। इनमें शीर्ष वरीय कोरिया की एन से यंग, ओलंपिक विजेता चीन की चेन यू फेई, ताईवान की ताई जू यिंग, जापान की अकाने यामागुची के अलावा पुरुष वर्ग में शी यूकी, सिंगापुर के लोह कीन यू, इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी, जापान के केंता निशिमोतो, कोडाई नरोका जैसे शटलर शामिल हैं। सात्विक और चिराग की जोड़ी इस वर्ष शानदार फॉर्म में चल रही है और उनसे पुरुष डबल्स वर्ग में इस साल जुलाई-अगस्त में होने वाले पेरिस ओलंपिक में पदक जीतने की उम्मीद है।

### श्रीकांत पहले दौर में गिंटिंग से भिड़ेंगे

**सिंधू** के सामने पहले दौर में मलयेशिया की गोह जिन वेई होंगी। अगर वह क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं तो उनके सामने यामागुची हो सकती हैं। लक्ष्य एशियाई खेलों के दौरान हांगझोऊ में टीम मुकाबलों में शी यूकी को हरा चुके हैं। उनका ओलंपिक के लिए क्वालिफाई करना लगभग तय माना जा रहा है। प्रियांशु राजावत पहले दौर में मलेशिया के ली जी जिया से और किदांबी श्रीकांत इंडोनेशिया के तीसरी वरीय एंथोनी सिंसुका गिंटिंग से भिड़ेंगे। महिलाओं में आकर्षी कश्यप पहले दौर में थाईलैंड की ओ बुसानन से खेलेंगी।

## 09 अप्रैल 2024 का राशिफल

**मेष राशि:-** आज का दिन आपके लिए लेनदेन के मामले में सावधान रहने के लिए रहेगा। अपने लंबे समय से रुके हुए काम को समय रहते पूरा करना होगा। आप अपने करियर को संवारेंगे। लेनदेन से संबंधित मामलों में आप सावधान रहें। धर्म कर्म के कार्यों के प्रति आपके काफी रुचि रहेगी। वैवाहिक जीवन में चल रही समस्याओं से आपको छुटकारा मिलेगा।

**वृष राशि:-** आज का दिन आपके लिए किसी नए काम की शुरूआत करने के लिए अच्छा रहने वाला है। आप सामाजिक गतिविधियों में पूरी रुचि दिखाएंगे। आप आज अपनी सोच समझ से काफी काम में आगे बढ़ेंगे। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से आपको मेल मिलाप करने का मौका मिल सकता है।

**मिथुन राशि:-** आज का दिन नौकरी में कार्यरत लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। काम के सिलसिले में आप किसी लंबी दूरी की यात्रा पर जा सकते हैं।

**कर्क राशि:-** आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। कार्य क्षेत्र में आप अपनी अच्छी सोच का लाभ उठाएंगे। आप अपने कामों को खुद करने की कोशिश करेंगे। यदि आप उन्हें छोड़कर किसी दूसरे के भरोसे आगे बढ़ेंगे, तो आपको उन्हें पूरा करने में समस्या आएगी।

**सिंह राशि:-** आज का दिन आपको अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने के लिए रहेगा। आप कुछ उतार-चढ़ाव रहने के कारण परेशान रहेंगे। सामाजिक क्षेत्रों से जुड़े लोगों को किसी नए पद की प्राप्ति हो सकती है। उनके ऊपर जिम्मेदारियों का बोझ भी थोड़ा अधिक रहेगा। आप अपनी सेहत के प्रति सावधानी बरतें।

**कन्या राशि:-** आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आपके आसपास रह रहे लोगों से आपको खुशखबरी मिलने से आप अच्छे मूड में रहेंगे। विदेश से व्यवसाय कर रहे लोगों को सावधान रहने की आवश्यकता है।

**तुला राशि:-** आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। संतान को किसी अच्छी नौकरी के प्रति होने से आपका सिर गर्व से ऊंचा रहेगा। साझेदारी में आप किसी काम को करने की योजना बना सकते हैं। परिवार में कोई बात को लेकर तनाव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

**वृश्चिक राशि:-** आज का दिन आपके लिए बाकी दिनों की तुलना में बेहतर रहने वाला है। आपको अपने करीबियों से कोई अच्छी खुशखबरी सुनने को मिल सकती हैं।

**धनु राशि:-** आज दिन मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आप अपनी संतान के करियर को लेकर थोड़ा चिंतित रहेंगे। आप उनके मन में चल रही उलझनो को जानने की कोशिश करें। आप अपने अधूरे सपनों को पूरा करेंगे। स्वास्थ्य में चल रही समस्या से आपको छुटकारा मिलेगा। जीवन साथी के बीच किसी बात को लेकर कहा सुनी हो सकती है।

**मकर राशि:-** आज का दिन आपके लिए व्यस्तता भरा रहने वाला है। आपको अत्यधिक मेहनत के बाद कोई अच्छा मुकाम हासिल होगा। आप दूसरों के भरोसे कोई महत्वपूर्ण काम ना करें नहीं तो वह रुक सकता है। आप अपने आवश्यक कामों की सूची बनाकर आगे बढ़े।

**कुंभ राशि:-** आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। यदि आपको कार्यक्षेत्र में कुछ कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था, तो वह भी दूर होती दिख रही हैं। आप अपने दोस्तों के साथ कहीं घूमने फिरने जाने की प्लानिंग करेंगे।

**मीन राशि:-** आज का दिन आपके लिए चिंता ग्रस्त रहने वाला है। आप अपने कामों में आत्मविश्वास से आगे बढ़े, तो आपके लिए अच्छा रहेगा। आपके बढ़ते खर्चो का आपको लेखा-जोखा रखना होगा।


भगवान झूलेलाल जयन्ती (चेटी चंड)
एवं नवसंवतसर , नवरात्रि व सिंधी भाषा दिवस
की लखा – लखा बधाईया
भगवान झूलेलाल जी की
शोभायात्रा उद्घाटन : समय सांय 5 बजे
स्थान :(हरियाली वाटिका ,घटिया ,आगरा )
भव्य शोभायात्रा
दिनांक – 9 अप्रैल 2024 समय सांय 6 बजे
स्थान – ताज प्रेस क्लब , घटिया से प्रारम्भ
स्व.हकीम अर्जुनदास आर्य
पूर्व अध्यक्ष
सिंधी सेंट्रल पंचायत
स्व.लालचन्द सोनी
पूर्व अध्यक्ष
सिंधी सेंट्रल पंचायत
सिंधी सेंट्रल पंचायत ( सिंधी समाज )
के पुरोधा जिन्होंने अपना पूरा जीवन
समाज को समर्पित किया आज भी
चिर स्मरणीय
स्व.तीरथदास बसंतानी
पूर्व अध्यक्ष
सिंधी सेंट्रल पंचायत
स्व.फिरंदमल गंगनानी
पूर्व महामंत्री
सिंधी सेंट्रल पंचायत
गागनदास रामानी
चंद्रप्रकाश सोनी
घनश्यामदास देवनानी
परमानंदआतवानी
जयरामदास होतचंदानी
रोचीरामनागरानी
नन्दलाल आयलानी
सूर्यप्रकाश मदनानी
सुशीलनोतनानी
जगदीश डोडानी
श्यामलाल रंगनानी
राजकुमार गुरनानी
रामचंद्र छाबड़िया
भजनलाल प्रधान
राज कोठारी
पुरषोत्तम लछ्वानी
जयकिशन बुधरनी
किशोर बुधरानी
प्रीतमदास रामचंदानी
अमृता माखीजा
अनिल नागवानी
राजकुमार सोनी
दर्शन थावानी
राजा नागरानी
अशोक चावला
वासदेव मयानी
पंडित बंटी महाराज
लछ्मन कल्याणी
विक्की बाबा
मेघराज दियालानी
जेठानन्द आसनानी
मेबाइल हट
अजय आसनानी (अज्जू )
कन्हैया वाधवानी
कमल छाबड़िया
जगदीश सोभनानी
हरीश कोठारी
योगेशशटवानी (गोरूभाई)
विनोद हिरानी
नत्थू सोनी
बाबू चुग
नरेश धीरमलानी
राजेश दौलतानी
रोहितवाधवानी
सागर वाधवानी
अमर कंधारी
रोहित आयलानी
विकास जेठवानी
तरुण हरजानी
बजनलाल माखीजा
हरेश पंजवानी
राजकुमारमदनलाल सोनी
(सिंधीसंसलालचंदज्वेलर्स)
दयालदास भल्ला अर्जुनगर
नरेश देवनानी
सोनूदेवनानी
जीतेन्द्र देवनानी
सुमितमाधवानी
देवनानी परिवार
हरीश होतचंदानी
सुरेश कुमार
गुलशन कुमार
अनिल कुमार
होतचंदानी परिवार
आयोजक :सिन्धी सेंट्रल पंचायत स्थापित (1956)